दीवाना हूँ मैं श्याम का

जय श्याम, श्री श्याम,
जय श्याम, श्री श्याम....

दीवाना हूँ मैं श्याम का,
मुझको किसी का डर नहीं,
मैं उसे और वो मुझे,
भूलते पल भर नहीं।
जय श्याम, श्री श्याम,
जय श्याम, श्री श्याम....

काम कोई भी हमारा,
अब कभी रुकता नहीं,
श्याम का दर छोड़ कर,
मैं अब कहीं झुकता नहीं,
श्याम श्याम, जय श्री श्याम,
श्याम श्याम, जय श्री श्याम
सोता हूँ तकिया लगा के,
सांवरे के नाम की,
चैन से सोता हूँ कितना,
क्या कहूं आराम की।

जय श्याम, श्री श्याम,
जय श्याम, श्री श्याम....

गम नहीं, चिंता नहीं,
जब सांवरा मेरे साथ है,
क्यों डरूँ मुश्किल से मैं,
सर सांवरे का हाथ है,
श्याम श्याम, जय श्री श्याम,
श्याम श्याम, जय श्री श्याम
लोग कहते हैं मुझे,
मैं रास्ते की धुल हूँ,
मैं समझता हूँ ये खुद को,
सांवरे का फूल हूँ।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23826/title/deewana-hu-main-shyam-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |